## महत्वपूर्ण एवं खास

### रक्षाबंधन पर्व पर यात्रियों को मिली सुविधा, 31 तक चलाई जाएगी डोंगरगढ़ मेमू

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के रेल यात्रियों के लिए राहत की खबर है। रक्षाबंधन पर्व के दौरान कैंसिल की गई ट्रेनों को यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने यात्रियों के लिए डोंगरगढ़ मेमू आज से 31 अगस्त तक चलाई जाएगी। रेलवे ने तीसरी रेल लाइन निर्माण एवं मेंटेनेंस कार्य के चलते 3 सितंबर तक छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली कई ट्रेनों को फिर एक बार कैंसिल कर दिया है। लेकिन डोंगरगढ़ मेमू के चलने से रेलवे के वैकल्पिक इंतजाम का लाभ तो यात्रियों को मिलेगा ही इसके साथ ही 3 सितंबर तक रद्द रहने वाली ट्रेनों के चलते यात्रियों को परेशानी भी हो सकती है।

### 1 से 8 सितम्बर तक मनाया जाएगा साक्षरता सप्ताह एवं अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस

**रायगढ़।** 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के असाक्षरों को साक्षर करने का उद्देश्य से रायगढ़ जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थानों में वातावरण निर्माण हेतु 1 से 7 सितम्बर तक साक्षरता सप्ताह तथा 8 सितम्बर 2023 को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रौढ़ शिक्षा अंतर्गत सभी के लिए शिक्षा पर केन्द्रित योजना उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी के अनुरूप वित्त वर्ष 2022-27 के दौरान क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पांच घटकों में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा, व्यावसायिक कौशल एवं सतत शिक्षा है।

### ब्रह्माकुमारी कंचन बहन ने कलेक्टर को बांधी रक्षासूत्र

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के भाईयों और बहनों ने मुलाकात की। सारंगढ़ में संचालित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्थान की संचालिका कंचन बहन ने डॉ. सिद्दीकी को रक्षाबंधन के पूर्व बेला में रक्षासूत्र बांधी। इस दौरान बहनों ने कलेक्टर को संस्थान की सुविचार से भरी टेबल कैलेंडर भेंट की। इस अवसर पर मिथलेश बहन, भाई रमेश केडिया, भुनेश्वर सिंह ठाकुर और बी.के.कृष्णा मिरी उपस्थित थे। ब्रह्माकुमारी बहनों ने अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज और डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी को भी रक्षासूत्र बांधी और भगवान लक्ष्मीनारायण का संयुक्त चित्र भेंट की।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल छिन्द की छात्राओं ने छिन्द स्थित रीपा गौठान का किया भ्रमण

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क, रीपा ( छिन्द, सारंगढ़) में स्वामी आत्मानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल छिन्द की छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसमें छात्राओं को रीपा छिन्द में चल रहे सभी उद्यम यूनिट का अवलोकन कराते हुए उद्यम के कार्य, कच्चा माल एवं बनने वाले सामान के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही छात्राओं द्वारा बड़ी ही उत्सुकता पूर्वक सवाल-जवाब भी किया गया। छात्राओं ने फ्लाई एश यूनिट में कच्चे माल की आवक और बेकरी के सामानों में लगने वाले फ्लेवर के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। साथ ही इस शैक्षणिक भ्रमण के अंत में शिक्षकों की टीम एवं छात्राओं ने रीपा की टीम एवं सभी उद्यमियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। ज्ञातव्य है कि छिन्द स्थित रीपा गौठान में बेकरी यूनिट, मशरूम यूनिट, सिलाई प्रशिक्षण यूनिट, वेल्डिंग मशीन यूनिट, फ्लाईएश ईंट निर्माण यूनिट, दोना पत्तल यूनिट, मुर्रा मिल मशीन, चैन लिंकिंग एवं तार फेंसिंग का कार्य एवं गार्डनिंग का कार्य लिया जा रहा है।

# राखी पर खाकी का तोहफा : गुम मोबाइल लौटाकर रायगढ़ पुलिस ने दिया मोबाइल धारकों को रक्षाबंधन का उपहार

- डीआईजी रामगोपाल गर्ग और एसएसपी सदानंद कुमार ने लौटाए 203 नग गुम हुए मोबाइल
- सायबर सेल रायगढ़ की टीम ने पिछले 3 माह में 7 राज्यों से रिकव्हर की करीब 31 लाख रूपये की 203 नग गुम और चोरी हुई मोबाइलें

**रायगढ़।** गुम और चोरी हुए मोबाइलों को ट्रेस करने और रिकव्हर करने की कार्यवाही में रायगढ़ साइबर सेल की कार्यवाही बेहद उम्दा रही है। साइबर सेल के गठन के पश्चात साइबर सेल की टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों के महत्वपूर्ण दिशा निर्देशन पर अब तक रिकॉर्ड 1600 से अधिक गुम और चोरी हुए मोबाइलों को खोजकर उनके वास्तविक स्वामी तक पहुंचाया गया है। अब तक रिकव्हर किये गये गुम मोबाइलों का बाजार मूल्य आंका जाए तो करीब पौने दो करोड रुपए के लगभग होगा।

जिले में साइबर सेल तथा थाना, चौकी को गुम और चोरी मोबाइलों के संबंध में लगातार आवेदन प्राप्त हो रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा साइबर सेल की टीम को उनके दैनिक कार्यों के साथ गुम और चोरी हुए मोबाइलों के खोजबीन की विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है।

एडिशनल एसपी संजय महादेवा तथा एसडीओपी धरमजयगढ़/सायबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल द्वारा लगातार अपने मातहत स्टाफ के साथ मिलकर गुम/चोरी की पतासाजी में लगे हुये हैं जिससे विगत 3 महीनों में साइबर सेल की टीम को 203 गुम/चोरी हुए मोबाइलों को रिकवर करने में सफलता मिली है जिसका वर्तमान बाजार मूल्य करीब



31 लाख 28 हजार रुपए है। सायबर सेल द्वारा रिकवर किए गए मोबाइल छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के अलावा सीमावर्ती मध्य प्रदेश, उड़ीसा, झारखंड, पश्चिम बंगाल बिहार से रिकवर किया गया है जहां ये मोबाइल संचालित हो रहे थे जिसे साइबर सेल स्टाफ द्वारा संपर्क कर उन्हें और चोरी/गुम हुए मोबाइल के उपयोग करने के संबंध में कानूनी कार्यवाही की जानकारी देकर उनसे पोस्टल के माध्यम से अथवा नजदीकी थानों के स्टाफ से रिकवर किए गए हैं। रिकवर किए गए मोबाइलों में कई महंगे सेट आईफोन, वीवो, रेडमी, सैमसंग, रियलमी, के महंगे सेट भी है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा पिछले 10 मई को पुलिस कंट्रोल रूम में सैकड़ो मोबाइलों का वितरण अपने हाथों से किया गया था।

इसी क्रम में आज पुलिस कंट्रोल रूम में डीआईजी रायगढ़ रेंज रायगढ़ राम गोपाल गर्ग एवं एसएसपी रायगढ़ सदानंद कुमार व उप पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडबलू) निकिता तिवारी द्वारा उन्होंने रिकवर किए गए 203 मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को लौट कर उन्हें "राखी का तोहफा" दिया गया है। मोबाइल लौटाते हुये उनके मलिकों को मोबाइल संभाल कर रखने और दोबारा नहीं गुमने कहा गया और मोबाइल उपयोग के पूर्व उन्हें एक बार फॉर्मेट कर उपयोग करने की सलाह दिए हैं। कई मोबाइल स्वामी ने बताया कि वे अपने मोबाइल वापसी की उम्मीद खो चुके थे, वे उन्हें दोबारा पाकर रायगढ़ पुलिस के द्वारा रक्षाबंधन का गिफ्ट कहते हंसते मुस्कुराते रायगढ़ पुलिस को धन्यवाद देकर जा रहे हैं।

यहां यह बताना लाजिमी है कि भारतीय दूरसंचार मंत्रालय द्वारा संचालित CEIR- "Central Equipment Identity Register" एक पोर्टल है। CEIR पोर्टल भारत में चोरी या गुम मोबाइल फोन को ट्रैक करने के लिए बनाया गया है। इस पोर्टल का उपयोग प्रार्थी मोबाइल फोन को ब्लॉक करने, गुम या चोरी हुए मोबाइल को ट्रैक करने और उपयोगकर्ताओं को उनके चोरी हुए फोन की सुरक्षा और खोज के लिए सुविधाएं प्रदान करने के लिए की जाती है। CEIR पोर्टल के माध्यम से, उपयोगकर्ता अपने चोरी हुए या खो गए मोबाइल फोन की शिकायत दर्ज कर सकते हैं और उनके फोन को ट्रैक किया जा सकता है। इसके अलावा, उपयोगकर्ता अपने फोन को ब्लॉक करने और चोरी हुए फोन में अपने डेटा को सुरक्षित करने के लिए आवश्यक कदम भी उठा सकते हैं। CEIR पोर्टल भारत सरकार द्वारा प्रमाणित है, जिसे वेबसाइट - www.ceir.gov.in के माध्यम से उपरोक्त स्थिति में उपयोग किया जा सकता है। एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा मीडिया के माध्यम से संदेश दिया गया कि जिन्हें भी अन्य किसी का मोबाइल प्राप्त होता है उसे नजदीकी थाने में जमा करें, दूसरों की मोबाइल का गलत उपयोग ना करें। कभी भी बगैर बिल के मोबाइल ना खरीदें। मोबाइल रिकव्हर के कार्य का निष्पादन में सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल, प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह, बृजलाल गुर्जर, रेणु सिंह मंडावी, आरक्षक प्रशांत पंडा, महेश पंडा, धनंजय कश्यप, विकास प्रधान, प्रताप बेहरा, नवीन शुक्ला, पुष्पेन्द्र जाटवर, नरेश रजक, विक्रम सिंह, सुरेश सिदार, रविन्द्र गुप्ता और महिला आरक्षक मेनका चौहान की सराहनीय भूमिका रही है।

## चोरी की स्कूटी चला रहे आरोपी को जूटमिल पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़।** जूटमिल पुलिस द्वारा स्कूटी चोरी मामले में आज दिनांक 29.08.2023 को आरोपी रविदास महंत पिता करमनदास महंत उम्र 23 साल निवासी बड़े रामपुर दर्रीडिपा थाना कोतवाली रायगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पिछले डेढ़ साल से चोरी की स्कूटी का नंबर प्लेट निकालकर उपयोग कर रहा था, स्कूटी में खराबी आने पर आरोपी स्कूटी बनने होण्डा शोरूम में दिया जहां शोरूम से वाहन मालिक को फोन गया और आरोपी पकड़ा गया।

जानकारी के मुताबिक सावित्री नगर कॉलोनी जूटमिल के रहने वाले पंकज कांत पटेल (32 साल) द्वारा 21 नवंबर 2021 को उसकी स्कूटी एक्टिवा 125 सीजी 13 ए.एम. 2038 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट तत्कालीन चौकी जूटमिल (थाना कोतवाली) में दर्ज कराया गया था, काफी खोजबीन पतासाजी उपरांत माल मुलाजिम का पता नहीं चलने से जूटमिल पुलिस मामले में खात्मा चाक किया गया था। बीते दिनों होंडा शोरूम में एक बिना नंबर स्कूटी बनने के लिए आई जहां स्कूटी में नए पार्ट्स की आवश्यकता पर शोरूम से चेचिस नंबर के आधार पर वाहन मालिक को कॉल किया गया। वाहन मालिक पंकज कांत पटेल ने जूटमिल पुलिस से संपर्क किया कि उसकी चोरी गई स्कूटी बनने के लिये होण्डा शोरूम से कॉल आया था। जूटमिल पुलिस द्वारा शोरूम का सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया और संदेही रविदास महंत के घर जाकर दबिश दिये और उसे स्कूटी के संबंध में कड़ी पूछताछ पर उसने बताया कि वह पिछले डेढ़ साल से स्कूटी का नंबर प्लेट निकालकर स्कूटी को मॉडिफाई कर चला रहा है स्कूटी में खराबी आने पर उसने शोरूम में बनने दिया और पकड़ा गया। जूटमिल ने आरोपी रविदास महंत को वाहन चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। माल मुलाजिम पतासाजी में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव, सहायक उप निरीक्षक शशिदेव भोई, आरक्षक लखेश्वर पुरसेठ और शशि भूषण साहू की प्रमुख भूमिका रही है।

## उत्कृष्ट कार्य के लिये पुरस्कृत किए गए जिले के पुलिसकर्मी

**रायगढ़।** दिनांक 29/08/2023 को पुलिस कंट्रोल रूम में मोबाइल वितरण कार्यक्रम दौरान जिले के 13 पुलिसकर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस उप महानिरीक्षक रायगढ़ रेंज, रायगढ़ राम गोपाल गर्ग एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें शुभकामनाएं दिया गया और आगे भी बेहतर कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया गया।



**इन पुलिस कर्मियों को किया गया सम्मानित-** 1. सहायक उप निरीक्षक प्रेम साय भगत थाना यातायात रायगढ़ – सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था में उत्कृष्ट कार्य।

2. सहायक उप निरीक्षक कुसुम कैवर्त, थाना कोतरारोड़ – महिला संबंधी अपराधों में उत्कृष्ट विवेचना हेतु।

3. प्रधान आरक्षक 284 श्यामदेव साहू, थाना चक्रधरनगर - लंबित अपराधों के त्वरित निराकरण हेतु।

4. महिला प्रधान आरक्षक 448 समुद रनकर, थाना चक्रधरनगर – महिला संबंधी अपराधों में उत्कृष्ट विवेचना हेतु।

5. महिला प्रधान आरक्षक 331 जेनिपा पन्ना थाना पुसौर – ऑनलाइन फ्रॉड के प्रकरणों एवं गुम बच्चों के प्रकरण में उल्लेखनीय कार्य।

6. सेवानिवृत वरिष्ठ आरक्षक बलभद्र चौहान उर्दना रायगढ़ – सेवानिवृत्त पश्चात पुलिस एवं प्रशासन के कार्यों में सेवा देने हेतु।

7. आरक्षक 664 जगमोहन लाल ओग्रे, थाना कोतवाली – आरोपियों एवं वारंटियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में आसूचना संकलन में महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु।

8. आरक्षक क्रमांक 680 संदीप मिश्रा थाना कोतवाली रायगढ़ – आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी आसूचना संकलन में महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु।

9. आरक्षक 444 महेश पंडा साइबर सेल जिला रायगढ़ – चोरी गये मोटर सायकलों रिकव्ही तथा पेशेवर चोर गिरोह की धरपकड़ में उल्लेखनीय योगदान।

10. आरक्षक 655 प्रमोद सागर थाना पुसौर जिला रायगढ़ – सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग तथा जन जागरूकता अभियोनों को प्रसारित करने का उल्लेखनीय कार्य।

11. आरक्षक 169 नवीन शुक्ला साइबर सेल जिला रायगढ़ – सायबर फ्रॉड के अपराध में दीगर राज्यों अपराधियों की धरपकड़ एवं गिरफ्तारी में उल्लेखनीय योगदान।

12. आरक्षक क्रमांक 1174 रूपराम साहू थाना कोतवाली जिला रायगढ़ – न्यायालयीन कार्यों में लगन पूर्वक उत्कृष्ट चालान पेश करने एवं कोर्ट कार्य में उल्लेखनीय कार्य।

13. ट्रेडमैन आरक्षक 1178 रवि श्रीवास रक्षित केंद्र जिला रायगढ़ – सांई ब्लड ग्रुप संस्था से जुड़कर आमजन को त्वरित रूप से नि:शुल्क रक्त मुहैया करने का उल्लेखनीय कार्य।

## पिकअप वाहन में गांजे की तस्करी कर रहा तस्कर 112 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार

- रायगढ़-ओड़िसा हाईवे बरमल चेक पोस्ट में जूटमिल पुलिस ने नाकाबंदी कर पकड़ा

**रायगढ़।** आसन्न चुनाव के मद्देनजर रायगढ़ पुलिस द्वारा जिले में प्रवेश करने वाले प्रमुख चेक पोस्ट में तगड़ी और अभेद सुरक्षा व्यवस्था लगाई गई है। चेक पोस्ट पर तीन पालियों में पुलिसकर्मी चौंकाने होकर कार्य निष्पादन कर रहे हैं । पुलिस अपने आसूचना संकलन और तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था से गांजा तस्करों के कोशिशों को नाकाम साबित किया जा रहा है। कल दिनांक 28.08.2023 की रात्रि जूटमिल पुलिस ने पिकअप वाहन में की जा रही गांजे की तस्करी को विफल कर आरोपी मोहम्मद नौशाद राईन को 112 किलो गांजा के साथ पकड़ा गया है। आरोपी अपने पिकअप के डाला में प्लास्टिक बोरी बंडल के नीचे में 6 बोरियों में गांजा भरकर उड़ीसा से रायगढ़ पार करने की फिराक में था। आरोपी से 1 क्विंटल 12 किलो गांजा कीमत करीब 11 लाख 20 हजार रूपये और घटना में प्रयुक्त



पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 07 सी.के. 8551 कीमत रु. 8,00,000 का जप्त कर आरोपी पर 20(B) एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर आरोपी को रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव को कल दिनांक 28/08/2023 के रात्रि मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग के पिकअप वाहन में उड़ीसा से गांजा लेकर एक युवक हाईवे के रास्ते रायगढ़ होकर आगे जाने वाला है। थाना प्रभारी द्वारा रायगढ़-उड़ीसा हाईवे पर बडमाल चेक पोस्ट में स्टाफ को अलर्ट कर अतिरिक्त स्टाफ कार्यवाही के लिए भेजा गया। बडमाल चेक पोस्ट पर संदिग्ध पिकअप वाहन सीजी 07 सी.के. 8551 को रोककर पुलिस टीम द्वारा विधिवत तलाशी ली गई वाहन चालक मोहम्मद नौशाद राईन पिता मोहम्मद राऊफ राईन उम्र 30 साल निवासी अहमदनगर पांडू किराना दुकान के पास वार्ड क्रमांक 23 थाना छावनी जिला दुर्ग के स्वयं की एवं वाहन की तलाशी लिए जाने पर वाहन के डाला में प्लास्टिक बोरी के बंडल के नीचे छुपा कर 6 बोरियों में रखा हुआ 112 किलो गांजा की विधिवत जप्ती कर तौल पंचनामा किया गया जिसका वर्तमान मूल्य करीब रु. 11,20,000 है।

उप पुलिस महानिरीक्षक रायगढ़ रेंज, रायगढ़ रामगोपाल गर्ग तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के कुशल दिशा निर्देशन पर एडिशनल एसपी संजय महादेवा व नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादवके नेतृत्व में गांजा रेड कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक शशिदेव भोई, सउनि भागीरथी चौधरी, प्रधान आरक्षक मनोज कुमार सिंह, आरक्षक विकास सिंह और प्यारा जीवन टोप्पो की विशेष भूमिका रही है।

गिरफ्तार आरोपी - मोहम्मद नौशाद राईन पिता मोहम्मद राऊफ राईन उम्र 30 साल निवासी अहमदनगर पांडू किराना दुकान के पास वार्ड क्रमांक 23 थाना छावनी जिला दुर्ग (छ.ग.)

जप्त गांजा - 112 किलो गांजा, कीमत करीब 11 लाख 20 हजार रूपये।

जप्त अन्य मशरूका - पिकअप वाहन सीजी 07 सी.के. 8551, कीमती 8 लाख रूपये । आरोपी से कुल जप्त सामाग्री कीमत – 19 लाख 20 हजार रूपये।

## टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत शिशु संरक्षण माह का हुआ जिला स्तरीय शुभारंभ

**रायगढ़।** राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत शिशु संरक्षण माह का जिला स्तरीय शुभारंभ 29 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा में शिव शर्मा द्वारा बच्चों को विटामिन ए की सिरप पिलाकर किया गया।



जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल ने बताया कि विटामिन ए का नियमित खुराक प्रत्येक छ: माह में एक बार लेने से बच्चों में रतौंधी, दस्त, श्वांस, संक्रमण बुखार तथा कुपोषण की संभावना कम हो जाती है। अत: 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को विटामिन ए की सिरप तथा 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आई.एफ.ए.सिरप अवश्य पिलायें साथ ही बच्चे एवं गर्भवती माताओं को नौ जानलेवा बीमारियों तथा टेटनेस से बचाव हेतु टीके लगवायें। 29 अगस्त से 29 सितम्बर 2023 तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को आयोजित टीकाकरण सत्रों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दी जाने वाली सभी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठायें।

उक्त समारोह में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.एस.आर.पैंकरा, एच.ई.श्री उम्मेदराम पटेल, व्ही. सी.सी.एम. पंकज मिश्र, खण्ड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी विनोद एक्का, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक मंजूलता कुजूर, सुनील कुमार पटेल, विकासखण्ड डाटा प्रबंधक सुनीत कुजूर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के समस्त अधिकारी/ कर्मचारी, मितानिन एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अवैध शराब पर कार्यवाई : टीवीएस एक्सएल में शराब परिवहन कर रहा आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी से 10 लीटर महुआ शराब और TVS एक्सएल मोपेड जब्त

**रायगढ़।** वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर के कुशल नेतृत्व में क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने थाने में टीम गठित कर प्रतिदिन कार्रवाई की जा रही है। साथ ही थाना क्षेत्र के विश्वसनीय मुखबिरों से आवश्यक सूचना एकत्र कर असामाजिक तत्वों पर वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 29.08.2023 को थाना क्षेत्र के विश्वसनीय मुखबिर के द्वारा थाना प्रभारी सूचना दिया गया कि गोवर्धनपुर केलो नदी पुल के पास आरोपी नरेश चौहान पिता उत्तर ध्वज चौहान उम्र 35 साल निवासी आमपाल डोंगरीडिपा थाना चक्रधरनगर अपने टीवीएस एक्सेल मोपेड सीजी 13 ए.के. 1753 में शराब परिवहन की सूचना दिया। पुलिस टीम की घेराबंदी में आरोपी नरेश चौहान मोपेड पर दो प्लास्टिक के जरकिन में कुल 10 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा गया जिसे आरोपी द्वारा अवैध बिक्री करने लेकर जाना बताया। आरोपी पर थाना चक्रधर नगर में 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर के नेतृत्व में शराब रेड कार्यवाही में प्रधान आरक्षक सतीश पाठक, आरक्षक चंद्रकुमार बंजारे और शांति मिरी की प्रमुख भूमिका रही है।

## अवैध उत्खनन व परिवहन पर संयुक्त जांच दल को लगातार कार्यवाही के कलेक्टर ने दिए निर्देश

- डेंगू की रोकथाम के लिए नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग मिलकर करें काम-कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा
- कलेक्टर सिन्हा ने कहा सितम्बर में पूरी की जानी है गिरदावरी, सभी राजस्व अधिकारी करें मॉनिटरिंग कलेक्टर सिन्हा ने ली समय-सीमा की बैठक

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज समय-सीमा की बैठक में रायगढ़ शहरी क्षेत्र में डेंगू के बढ़ते प्रकरणों के रोकथाम के लिए शहर के



ऐसे स्थान जहां डेंगू के मामले अधिक आ रहे है, उसे चिन्हित कर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डेंगू से बचाव के लिए जो एहतियात बरते जाने है उसकी पूरी जानकारी लोगों को दें तथा कूलर, छत पर टायर, टंकी आदि में जमा व रूका हुआ पानी खाली करवायें। जिससे डेंगू लार्वा पनपने न पाए। जहां मामले अधिक है वहां टेमीफॉस का छिड़काव करवायें। इसके साथ ही लोगों को डेंगू के लक्षणों को लेकर भी जागरूक करें। जिससे समय से उसका इलाज किया जा सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के साथ नगर निगम को इसके लिए मिलकर कार्ययोजना बनाते हुए काम करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में गिरदावरी कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शुद्ध व त्रुटिरहित गिरदावरी की जानी है। उन्होंने सभी एसडीएम तथा तहसीलदार को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में गिरदावरी कार्य की लगातार मॉनिटरिंग करें, सितम्बर तक गिरदावरी का कार्य पूर्ण कर लिया जाना है। उन्होंने गुरूवार को राजस्व अमले की मीटिंग में भी इस कार्य की समीक्षा सभी तहसीलों में की जाए। उन्होंने धान खरीदी की तैयारियों को लेकर भी निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने सभी धान खरीदी केन्द्रों में बुनियादी सुविधाओं का प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए कहा।

कलेक्टर सिन्हा ने स्कूली छात्रों के जाति प्रमाण-पत्र निर्माण की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को संबंधित तहसीलदारों से समन्वय कर छात्रों के जाति प्रमाण-पत्र निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने छत्तीसगढिय़ां ओलम्पिक की जिला स्तरीय आयोजन की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने तथा खेलों के आयोजन की विस्तृत रूपरेखा तैयार करने के लिए खेल अधिकारी को निर्देशित किया।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मण्डावी, अपर कलेक्टर संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**आवारा मवेशी विचरण की शिकायत पर लगातार कार्यवाही रहे जारी-** आवारा मवेशियों पर लगातार कार्यवाही होनी चाहिए। नेशनल हाईवे पर आवारा मवेशियों के विचरण की शिकायत पर हेल्प लाईन नंबर जारी किए गए है। जिस पर सूचना प्राप्त होने पर पशुपालन विभाग संबंधित जनपद पंचायत से समन्वय कर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही पशुओं के टैगिंग का कार्य भी अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए। उक्त बातें कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज समय-सीमा की बैठक में कही। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि सभी नगरीय निकायों में भी आवारा मवेशियों को पकडऩे के लिए स्थानीय स्तर पर काउ कैचर की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर सिन्हा ने गौठानों, कांजी हाऊस तथा गौशालाओं में ऐसे पशुओं को रखने के निर्देश दिए।

**संयुक्त दल नियमित रूप से फील्ड पर करें जांच, अवैध उत्खनन व परिवहन पर करें कार्यवाही-** कलेक्टर सिन्हा ने सड़क सुरक्षा के तहत पुलिस, परिवहन, माइनिंग व पर्यावरण विभाग के संयुक्त दल का गठन किया है। उन्होंने समय-सीमा की बैठक में उनके कामकाज की समीक्षा करते हुए कहा कि फील्ड पर लगातार जांच अभियान चलाए। उन्होंने अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480